## न्यूज ब्रीफ

### ओवरब्रिज के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनकर तैयार, खेल सकेंगे बच्चे



**रायपुर।** राजधानी रायपुर को अवैध कब्जे से बचाने के लिए मुंबई, भोपाल, गाजियाबाद, कलकत्ता और अहमदाबाद जैसे महानगरों की तर्ज पर रायपुर में ओवरब्रिज के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनकर तैयार हो चुका है.एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग करने यह स्पोर्ट्स मैदान बनाया गया है, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल खेला जाएगा.बारिश के दौरान भी यहां बच्चे बिना किसी परेशानी के खेल सकेंगे. स्पोर्ट्स कोर्ट बनने से न केवल बच्चों को खेल का मैदान मिला है बल्कि ओवरव्रब्रिज के नीचे खाली जमीन अवैध कब्जे से भी सुरक्षित हुई है. स्पोर्ट्स कोर्ट लगभग 1 माह के भीतर बनकर तैयार हो चुका है. कुछ ही दिन में राजधानी के बच्चे यहां अलग-अलग तरह से गेम खेलते हुए नजर आएंगे.एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग करने यह स्पोर्ट्स मैदान बनाया गया है, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल खेला जाएगा.बारिश के दौरान भी यहां बच्चे बिना किसी परेशानी के खेल सकेंगे. स्पोर्ट्स कोर्ट बनने से न केवल बच्चों को खेल का मैदान मिला है बल्कि ओवरव्रब्रिज के नीचे खाली जमीन अवैध कब्जे से भी सुरक्षित हुई है. स्पोर्ट्स कोर्ट लगभग 1 माह के भीतर बनकर तैयार हो चुका है. कुछ ही दिन में राजधानी के बच्चे यहां अलग-अलग तरह से गेम खेलते हुए नजर आएंगे।

### नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भिलाई 03 क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकताओं पर पुलिस लाठी चार्ज को लेकर कड़ी



प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा हैं कि, मात्र 08 माह की प्रदेश सरकार में लचर कानुन व्यवस्था के चलते सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे पर जबरदस्त ठेस लगी है। प्रदेश सरकार अपने राष्ट्रीय एजेंडे फुट डालो-राज करो की नीति पर चल रही है। एक ओर बलौदाबाजार की घटना में जिस तरह समाज को समाज में बाँटने की नाकाम साजिश की गयी और देश के इतिहास में पहली बार कलेक्टर, एसपी कार्यलय फूंक दिए गए सरकार और प्रशासन मूक दर्शक बनी रही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में चूक, फिर उपद्रवियों द्वारा बदसलूकी धक्का-मुक्की, उस पर कोई कार्यवाही न होना प्रदेश सरकार की नियत और कानुन व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर सरल तरीके से मांग कर रहे हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर अपराधी की तरह बर्ताव दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जाना ये कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आगे कहा कि, प्रदेश में लगातार विपक्षीय कार्यकर्ताओ के साथ मारपीट की जा रही है।

### गर्म राख में गिरने से क्रेन ऑपरेटर की मौत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में एमएसपी प्लांट में मंगलवार की रात को एक दर्दनाक हादसे में 26 वर्षीय क्रेन ऑपरेटर की मौत हो गई। मृतक का नाम शाहनवाज खान था और वह बिहार निवासी था।जामगांव स्थित एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड में 27 अगस्त की रात शाहनवाज खान एसएमएस यूनिट में प्रोडक्शन मटेरियल को ट्रॉली में लोड कर रहा था। अचानक ट्रॉली टूट गई और गरम मटेरियल क्रेन पर गिर पड़ा, जिससे क्रेन में आग लग गई। जान बचाने के प्रयास में शाहनवाज ने क्रेन से छलांग लगाई लेकिन वह गर्म राख में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे के बाद प्लांट के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रबंधन मशीनों की मेंटेनेंस को नजरअंदाज करता है, जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

### टीबी उन्मूलन की परियोजना के राज्य स्तरीय प्रसार कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

# देश में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए जन- जागरुकता आवश्यक : रमेन डेका

पीपुल्स संवाददाता ● रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in





प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत देश में वर्ष 2025 तक टी.बी. रोग जड़ से समाप्त करने के लिए सबको एक साथ मिलकर काम करना है। टी.बी. उन्मूलन समुदाय के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

टी.बी. के प्रति सभी को जागरूक होना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने बुधवार को टी.बी. उन्मूलन के लिए चलाई जा रही एलाइस परियोजना के राज्य स्तरीय प्रसार कार्यक्रम में उक्त बाते कही। रीच संस्था के सहयोग से छत्तीसगढ़ सहित देश के चार राज्यों में यह परियोजना चलाई जा रही है। रीच छत्तीसगढ़ में राज्य टी.बी. कार्यक्रम के साथ एक भागीदार के रूप में कार्य कर रहा है। रीच ने टी.बी. रोग से लड़ कर इससे मुक्त होने वाले टी.बी. चैम्पियंस का एक नेटवर्क बनाया है। एलाइस परियोजना के तहत 904 टी.बी. चैम्पियंस को प्रशिक्षित किया गया है जो सरकार के साथ मिलकर टी.बी. उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए काम कर रहे हैं। राज्यपाल डेका ने कहा कि हम सभी को मिलकर इस परियोजना के उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। राज्यपाल डेका ने कहा कि केन्द्र व राज्य शासन इस बीमारी को देश में जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनजागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर चलाए जा रहे प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनें और एक या एक से अधिक टी.बी. मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार या अन्य सहायता प्रदान कर सकते है।

#### रिपोर्ट का विमोचन

इस अवसर पर राज्यपाल ने एलाइस परियोजना से संबंधित रिर्पोर्ट का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रीच संस्था की श्रीमती सरला सिंघानिया ने किया। टी.बी. रोग से लड़कर चैम्पियंन बनी दुर्ग की कुमारी चंद्रकला यादव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसे टी.बी. हुआ था लेकिन पूर्ण इलाज से वह ठीक हो गई है और दूसरे टी.बी. रोग से पीड़ित व्यक्तियों को भी वह प्रेरित करती है, साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भी सहयोग देती है।

## सीएम को मिला नुआखाई शोभा यात्रा में शामिल होने का न्योता



पीपुल्स संवाददाता ● रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंगलवार को उनके निवास कार्यालय में नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को नुआखाई पर्व शोभायात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया।मुख्यमंत्री को समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 3 सितम्बर को शाम 5 बजे राजधानी रायपुर के ग्रास मेमोरियल खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को नुआखाई पर्व की अग्रिम बधाई देते हुए आमन्त्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर से प्रताप, गोपाल सोना, रघुचंद्र निहाल, जितेन्द्र, गणेश हरपाल, वैष्णव, भरत छुरा, चंदु बघेल, सुरज, पंकज, राजु, रमन ताण्डी उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति संचालित निजी चिकित्सा संस्थानों पर स्वास्थ्य विभाग का छापा, 12 को नोटिस

पीपुल्स संवाददाता ● रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और मरीजों की सुविधा के लिए बिना किसी वैध अनुमति से संचालित निजी अस्पताल तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने दिए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड के 12 चिकित्सा संस्थानों में नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में टीम ने दबिश देकर निरीक्षण किया साथ ही नोटिस देकर विधिवत अनुमति लेने की अंतिम चेतावनी दी गई है। सीएमएचओ ने बताया की जिले में इस प्रकार के बिना अनुमति के खोले गए संस्थानों के



निरीक्षण हेतु टीम का गठन किया गया है।टीम द्वारा ही दबिश दी गई। परीक्षण के दौरान इन संस्थानों द्वारा बिना नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन संचालन करना पाया गया है।

इसके लिए स्थान पर ही उन्हें नोटिस दिया गया। नोटिस में उल्लेख है की बिना अनुमति संस्था का संचालन करने पर प्रथम बार संचालक पर राज्य उपचर्या गृह तथा रोगोपचार सम्बंधी स्थापनाएँ अनुज्ञापन नियम 2010 के अध्याय एक के नियम 4 के अनुसार 20 हजार के जुमार्ने का प्रावधान है। जबकि दूसरी बार ऐसा करते पाए जाने पर दोष सिद्ध होने पर 03 वर्ष का कारावास अथवा 50 हजार जुमार्ना अथवा दोनों के भागी होंगे। जिन संस्थाओं की जांच की गई उसमें वर्मा पैथोलॉजी कटगी,गायत्री क्लीनिक कटगी, गुप्ता क्लीनिक कटगी , क्योर बे ई क्लीनिक कसडोल, रामगोपाल साहू लैब कसडोल, शर्मा मेटा पैथोलॉजी कसडोल, सिटी डेंटल केयर कसडोल, कबीर पैथोलोजी कसडोल, वासु पैथोलॉजी छांछी, ओम हेल्थ सेंटर छांछी,रत्ना क्लीनिक कसडोल मानस पैथोलॉजी कसडोल शामिल है। सी एम एच ओ के अनुसार आगे भी जिले में यह जांच जारी रहेगी तथा बिना अनुमति संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने लिया छात्रों से कोचिंग सेंटर का फीडबैक

### छात्रों से की बातचीत और ऑनलाइन जुड़कर दी महत्वपूर्ण जानकारी

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट के मल्टीलेवल पार्किंग स्थित आनलाइन कोचिंग सेंटर में पहुंचे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने ऑनलाइन क्लास में जुड़े छात्रों से कोचिंग सेंटर के बारे में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने छात्रों से बातचीत की और कोचिंग सेंटर से मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। साथ ही कलेक्टर ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

कलेक्टर ने कोचिंग सेंटर का निरीक्षण भी किया और क्लास रूम के इको सिस्टम को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक छात्रों को



कोचिंग सेंटर से जोड़कर लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में अलग-अलग स्थानों में कोचिंग सेंटर शुरू की गई है। जहां पर ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से छात्रों को पढ़ाया जाता है। अभी जेई और नीट की अध्ययन कराई जाती है। शाम 4 बजे से ऑनलाइन क्लास में पढ़ाया जाता है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## भगवान कृष्ण ने हमें कर्म की प्रधानता की शिक्षा दी : मंत्री दयाल दास बघेल

### दही लूट विजेताओं को नकद राशि और शील्ड से किया सम्मानित

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने हमें कर्म की प्रधानता की शिक्षा दी है। उन्होंने अपनी लीला से हमें जीवन जीने की कला सिखाई है। महाभारत में श्री कृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध लड़ने का संदेश दिया। खाद्य मंत्री श्री बघेल मंगलवार को बेमेतरा जिले अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ में आयोजित भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण झांकी एवं दही लूट महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने इस दौरान भगवान श्री कृष्ण और हलधर बलराम के प्रति रूप का पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि श्री कृष्ण प्रकृति प्रेमी थे। जब हम भगवान कृष्ण को याद करते हैं तो हमें यमुना नदी का किनारा याद आता है, बांसुरी की तान याद आती है और गौ माता का झुंड याद आता है। सनातन धर्म में प्रकृति की पूजा की जाती है। पीपल, बरगद आदि वृक्षों को पूजनीय माना गया है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। मैं सभी से अनुरोध करता हूँ कि वे अपनी माँ के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं। भगवान कृष्ण के प्रति भी हमारी सच्ची श्रद्धा तभी प्रकट होगी, जब हम एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रकृति के प्रति अपना दायित्व पूरा करेंगे। श्याम सुन्दर भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई एवं विभिन्न गांवों से आए हुए हरिकीर्तन मंडलियों के द्वारा भजन-कीर्तन भी किया गया। मंत्री श्री बघेल ने दही लूट-हांडी-फोड़ टोलियों का उत्साहवर्धन किया और दही लूट के विजेताओं को पुरस्कार एवं शील्ड से सम्मानित किया।

## स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा सेवन सुनिश्चित की जाएं : कलेक्टर गौरव सिंह

पीपुल्स संवाददाता ● रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की हुई शुरूआत

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की शुरूआत 29 अगस्त से की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।

इससे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में अंतर्विभागीय बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को शत-प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत, गैर पंजीकृत बच्चे और शाला त्यागी बच्चों को



कृमिनाशक दवा खिलाने की बात कहीं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा अच्छी स्थिति में मिले।

कोई भी बच्चे दवा के सेवन से छूटे न, इसका विशेष ध्यान रखें। इसकी मॉनीटरिंग भी करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम वर्ष में 2 बार छः माह के अंतराल में फरवरी व अगस्त के माह में मनाया जाता है। जिसमें 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूल, अनुदान प्राप्त स्कूल, महाविद्यालय व तकनीकी शिक्षा संस्थान में दवा एल्बेंडाजोल निर्धारित खुराक में खिलाई जाएगी। साथ ही छुटे हुए बच्चों को 4 सितम्बर 2024 को माप-अप दिवस पर दवा सेवन कराया जाएगा। कृमि बहुत गंभीर समस्या है। इसकी वजह से बच्चे बार-बार बीमार पड़ते है। इसका प्रभाव उनके शारीरिक व मानसिक विकास पर पड़ता हैं। इसलिए इसके रोकथाम के लिये एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने पदक और प्रशस्ति पत्र भेंट किया

# विद्युत पारेषण कंपनी में उत्कृष्ट कार्य के लिए छह कर्मी पुरस्कृत

पीपुल्स संवाददाता ● रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

विषम परिस्थितियों में असाधारण कार्य करने वाले छह कर्मियों को आज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया। पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने पदक और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। उन्होंने कहा कि पारेषण कंपनी की यह अच्छी परंपरा है, इससे दूसरे कर्मी भी प्रेरित होते हैं।

हमें बेहतर स्थिति से और बेहतर कार्यशैली विकसित करने के लिए निरतंर प्रयास करते रहना चाहिए। इससे कंपनी की कार्यप्रणाली उत्कृष्ट होती है।सेवाभवन में आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक के साथ कार्यपालक निदेशकगण एमएस चौहान, कार्यपालक



निदेशक भार प्रेषण केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) अशोक कुमार वर्मा, कार्यपालक निदेशक एस एंड पी आरसी अग्रवाल, मुख्य अभियंता उपकेंद्र रायपुर जी. आनंद राव, मुख्य अभियंता लाइन एके अंबस्ट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विनोद अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया। भिलाई ईएचटी संधारण संभाग के बृजेश कुमार परिचारक श्रेणी 1 (लाइन) को औद्योगिक पार्क हथखोज में 132 केवी अतिउच्चदाब लाइन के ब्रेकडाउन को विषम परिस्थितियों में जोखिम लेते हुए पुनः सुचारू रूप से चालू करने के लिए पुरस्कृत किया गया। बसंत टोप्पो, अति, प्रभारी सहायक अभियंता, टीएलएम संभाग अंबिकापुरको सीमित संसाधनों और स्टाफ की कमी के बावजूद खराब मौसम व बारिश तूफान बीच एक ही दिन में 220 केवी और 132 केवी की लाइनों में आए चार ब्रेकडाऊन को कुछ ही घंटों में सुधारने का कार्य कराने के लिए सम्मानित किया गया। राकेश मोहन मरावी, कनिष्ठ अभियंता 400 केवी सबस्टेशन कुरूद धमतरीको 400 केवी सब स्टेशन में 315 एमवीए व 220 केवी के बी फेज रिकंडिशनिंग कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाकर ऊजीर्कृत करने का उल्लेखनीय कार्य किया। इनकी कार्य के प्रति सेवा और समपर्ण को देखते हुए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। टी. सिन्हाचलम परिचारक श्रेणी 02 लाइन कार्यालय कार्यपालन अभियंता कर्मशाला संभाग भिलाई को टावर और स्ट्रक्चर के निर्माण में महत्वपूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बैंडिंग के लिए कर्मशाला संभाग में बंद पड़ी पुरानी हस्तचलित बैंडिंग मशीन की जगह कंपनी व्दारा स्वीकृत ड्राइंग के आधार पर नई बैंडिंग मशीन का निर्माण किया। इस नई हस्तचलित बैंडिंग मशीन से टावर की न केवल बैंडिंग सही तरीके से हो रही है, बल्कि पुरानी मशीन की जो समस्याएं थीं, उन्हें भी उन्नत कर लिया गया है।

फिरसिंह पैकरा, लाइन सहायक श्रेणी-02, 220 केवी सब स्टेशन उरला को सर्किट ब्रेकर के मैकेनिज्म को करने की विशेषज्ञता के लिए सम्मानित किया गया। वे सब स्टेशन में गेंट्री आदि ऊंचाई में विशेष दक्षता व क्षमता से कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस विशेष क्षमता के कारण 220 केवी क्षमता के सब स्टेशन उरला के अलावा अन्य सब स्टेशन में भी आपकी सेवाएं ली जाती हैं। उन्होंने उरला, सितलरा, कचना सहित अनेक लाइन व फीडरों में आई समस्याओं को दूर करने में अपना असाधारण योगदान दिया है।

## मंकी पॉक्स की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकी पॉक्स (एम-पॉक्स) नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम हेतु जारी एडवायजरी में दिए गए दिशा-निदेर्शों का गंभीरपूर्वक पालन करने के निर्देश दिए हैं।गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 20 अगस्त 2024 को मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम हेतु एडवायजरी जारी की गई है। मंकी पॉक्स (एम पॉक्स) को विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल कान्स (पीएचई आईसी) को घोषित किया गया है। विभिन्न देशों में संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सवेर्लेंस, जांच एवमं उपचार हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम मंजिल, इंदिरा टॉवर, ए-26, जोन-II, मेन रोड व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)
[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपति के लिए बिक्री सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

| क्र मां क | ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या | सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि | संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय | नीलामी की तिथि और समय | एक दिन पूर्व नीलामी की तिथि | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
| 1. | हिमांशु सिंहा (ऋणकर्ता) शिखा सिंहा (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHBSR00001405017 | शॉप नं. जीएफ-56, तल मंजिल, सिटी सेन्टर पॉवर हाउस रोड, कोरबा, छत्तीसगढ़ | रू. 23,81,549.24/- अगस्त 22, 2024 | रू. 62,09,280/- / रू. 6,20,928/- | सितम्बर 23, 2024 11:00 AM 03:00 PM | अक्टूबर 01, 2024 02:00 PM 03:00 PM | सितम्बर 30, 2024 05:00 PM से पहले | सांकेतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- eauctions.samil.in) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को 30 सितंबर, 2024 को शाम 05 :00 बजे से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को 30 सितंबर, 2024 को शाम 04 :00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को 30 सितंबर, 2024 को शाम 05.00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों के फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। बयाना जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी" के पक्ष में कोरबा में देय होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी की शर्तों और नियमों या निविदाओं के प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.comपर जाएँ।
दिनांक : अगस्त 29, 2024
स्थान : कोरबा
प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106